कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग मुजफ्फरनगर।
पत्रांक : 1242 /14-1 मुजफ्फरनगर दिनांक, 04/10/2018।
सेवा में,

अधिशासी अभियन्ता,
विद्युत पारेषण खण्ड
उ0प्र0 पॉवर कार्पोरेशन लिमिटेड
निकट–132 के0वी0 सबस्टेशन
भोपा रोड, मुजफ्फरनगर।

विषयः– जनपद मुजफ्फरनगर में 132 के0वी0 मुजफ्फरनगर–जानसठ लीलो भोपा (भौकरहेडी) लाईन के निर्माण हेतु 0.1944 है0 वन भूमि के हस्तान्तरण के संबंध में प्रस्ताव।

संदर्भः– Proposal No. FP/UP/Trans/26409/2017 एवं मुख्य वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ का पत्रांक–530 / मुजफ्फरनगर / 26409 / 2017 दिनांक 06.09. 2018।

महोदय

कृपया मुख्य वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ के उपरोक्त संदर्भित पत्र दिनांक 06.09.2018 का अवलोकन करने का कष्ट करें। जो अधोहस्ताक्षरी के साथ–साथ आपको भी पृष्ठांकित है। उक्त पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया है कि प्रस्ताव के पृष्ठ संख्या–51 व 52 पर सर्वे ऑफ इण्डिया की टोपोशीट की मूल प्रति पर चिन्हांकन कर संलग्न नहीं किया गया है। अतः वांछित मूल अभिलेख उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी थी।

खेद का विषय है कि वांछित सर्वे ऑफ इण्डिया की टोपोशीट की मूल प्रति पर प्रस्तावित स्थल एवं क्षतिपूरक वनीकरण हेतु चयनित स्थल को चिन्हित कर व लीजेण्ड अंकित कर अभी तक इस कार्यालय को उपलब्ध नहीं करायी गयी है।

अतः विषयक क्रम में आपसे पुनः अनुरोध है कि सर्वे ऑफ इण्डिया की मूल टोपोशीट पर प्रस्तावित स्थल एवं क्षतिपूरक वनीकरण हेतु चिन्हित स्थल चिन्हित कर लीजेण्ड अंकित करते हुए 05 प्रतियों में तत्काल इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। ताकि उक्त टोपोशीटों को मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ को प्रेषित किया जा सके।

(सूरज) 4/10/18
प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग
मुजफ्फरनगर।

संख्याः– 1242 / दिनांकित।

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य वन संरक्षक / नोडल अधिकारी, वन (संरक्षण) अधिनियम 1980, उ0प्र0 लखनऊ।
2. वन संरक्षक / क्षेत्रीय निदेशक, सहारनपुर वृत्त सहारनपुर।

04/10/18
(सूरज)
प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग
मुजफ्फरनगर।

O/c

406 D:\FOREST\...\Land Transfer 2017-18.doc